नितिन गडकरी आज ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का करेंगे शिलान्यास

जागरण संवाददाता, बलिया : केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को बलिया आएंगे। वह बहुप्रतीक्षित गाजीपुर-बलिया-मांझी तक बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा बलिया और गाजीपुर को लगभग 6477 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात देंगे। उनके आगमन को लेकर चितबड़ागांव के खेल मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। वह सुबह 11.40 बजे आएंगे और दोपहर 1.10 बजे जौनपुर के लिए रवाना होंगे। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से बलिया की कनेक्टिविटी बिहार व उत्तर प्रदेश के महानगरों से मजबूत होगी। ग्रीनफील्ड से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को भी जोड़ा जाएगा। बक्सर से भरौली को जोड़ने के लिए 17 किलोमीटर का लिंक एक्सप्रेस बनेगा। पूरी परियोजना चार फेज में पूरी होगी। लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से 134 किलोमीटर की चार लेन की सड़क बनेगी। इसमें गाजीपुर से मांझी तक तीन भाग में काम होगा। इसकी दूरी 117 किलोमीटर होगी।

चौथे चरण में बक्सर से भरौली तक 17 किमी का लिंक एक्सप्रेसवे प्रस्तावित है।